>

Title: Request to provide the financial asistance of Rs.One Thousand Crore under Pradhan Mantri Anudan Yojana to fishermen for the problems and loss faced by them due to frequent cyclones.

श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम): महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका अत्यंत आभारी हूँ ।

महोदय, हिन्दुस्तान को 7,517 किलोमीटर का लंबा समुद्री किनारा मिला है । इस समुद्री किनारे के आसपास कई नागरिक बस्तियाँ विशेषत: मछुआरों की बस्तियाँ बसी हैं । जब भी समुद्र में तूफान आता है, तूफान में इन बस्तियों व इनमें रहने वाले मछुआरों का काफी आर्थिक वे जैविक नुकसान होता है । वर्ष 2009 में फयान तूफान, वर्ष 2019 में वायु तूफान, वर्ष 2020 में निसर्ग तूफान तथा हाल ही में तौकते तूफान में कई बस्तियाँ उजड़ गई हैं और मछुआरों का करोड़ों रुपयों का नुकसान हो चुका है ।

महोदय, महाराष्ट्र के 720 किलोमीटर के सागरी किनारों के आसपास रहने वाले अनेक नागरिक व मछुआरों का भी विगत तीन वर्षों से लगातार उठ रहे सागरी तूफानों में करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है ।

अत: मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से विनती करता हूँ कि हर वर्ष सागरी तूफानों से हो रहे भारी नुकसान को देखते हुए महाराष्ट्र को एक हजार करोड़ रुपये की निधि प्रधान मंत्री अनुदान योजना से उपलब्ध करवाकर मछुआरों को सहायता दी जाए । धन्यवाद ।